**MULTIPURPOSE TRADING AND AGENCIES LIMITED**
**(CIN Number- L70101DL2002PLC115544)**
Phone/ Fax: 011-26316162, 011-26919899
Website : www.multipurposetrading.in E-mail: Info.mtalgroup@gmail.in
Regd. Office: B-1, Kalindi Colony, New Delhi-110065

Date: 07/11/2022

To,
BSE Limited
Corporate Relationship Department
Floor 25, PJ Towers, Dalal Street
Mumbai 400 001

**Subject: Newspaper clipping of the notice of Board Meeting.**

**SCRIP CODE - 504356**

Dear Sir,

The advertisement in newspaper, published as per Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, for intimation of Board Meeting to be held on 14th November, 2022 is enclosed for your kind reference & records.

Please take the above intimation on records and kindly acknowledge the receipt.

For Multipurpose Trading and Agencies Ltd.

For Multipurpose Trading & Agencies Ltd.

Director

Ashish Singh
Managing Director
DIN:00066423

# एक नज़र

## दिल्ली के राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, चपरासी पर आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली के नामी राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में नाबालिग से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता दिल्ली से सटे यूपी गाजियाबाद स्थित लोनी इलाके की रहने वाली है। नाबालिग से अस्पताल के कमरे में दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने 25 वर्षीय चपरासी को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि 3 नवंबर को जीटीबी एन्क्लेव थाना में सूचना प्राप्त हुई थी कि दोपहर में राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के एक कमरे में लोनी की रहने वाली नाबालिग लड़की से दुष्कर्म की वारदात हुई है। इसके बाद पीड़िता का मेडिकल टेस्ट कराया गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में चपरासी की नौकरी करने वाला युवक उसका पड़ोसी है और दोनों एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। पीड़िता ने आरोपित को अपना दोस्त बताया है।

## बढ़ते प्रदूषण से मानवाधिकार आयोग चिंतित, 4 राज्यों के प्रमुख सचिवों को किया तलब

**नई दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर की हवा फिर खराब हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) गंभीर स्तर तक पहुंच गया है। हवा की गुणवत्ता के तेजी से बिगड़ने की शुरुआत पिछले हफ्ते हुई। जहरीली होती हवा को कंट्रोल को करने के लिए सरकार कदम उठा रही है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण से चिंता व्यक्त किया है। सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से नाखुश आयोग ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के मुख्य सचिवों को 10 नवंबर को तलब किया है। IIMS के पूर्व निदेशक डॉ.रणदीप गुलेरिया ने कहा कि प्रदूषण से लोगों की मृत्यु हो रही हैं और जीवन स्तर कम हो रहा है।

एम्स में वायु प्रदूषण बढ़ते ही सांस की तकलीफ वाले मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। गर्भवती महिलाओं और होने वाले बच्चों पर भी इसका बुरा असर होता है। बच्चे, बुजुर्ग, जिनके के फेफड़े और हार्ट कमजोर हैं उनको ऐसी जगहों पर नहीं जाना चाहिए जहां प्रदूषण ज्यादा है। जाना है तो दिन में जाएं जब धूप निकल गई हो और मास्क लगा कर जाएं।

## ट्विटर अकाउंट सस्पेंड करने के खिलाफ याचिका खारिज, दिल्ली HC ने शिकायतकर्ता पर लगाया 25 हजार रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ट्विटर अकाउंट निलंबित करने के खिलाफ नए मालिक एलन मस्क को पक्षकार बनाने की मांग को लेकर दायर हुई याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में आज सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की पीठ ने याचिका को 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए खारिज कर दिया।

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि मामले में ट्विटर पेश हो रहा है, ऐसे में इस आवेदन को दाखिल करने का कोई औचित्य नहीं है। इसे खारिज किया जाता है। बता दें कि याचिकाकर्ता ने ट्विटर अकाउंट निलंबित किए जाने को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता का दावा है कि अकाउंट बंद किए होने से वह अपने 1.5 लाख फॉलोअर से पूरी तरह से कट गए हैं।

आवेदन में कहा गया था कि मस्क का बोलने की स्वतंत्रता को लेकर अलग रुख है, ऐसे में उनका पक्ष आना चाहिए।

## 15 साल के दौरान कैसे पूरी तरह बदल गया दिल्ली एमसीडी का गणित? घट गई वार्डों की संख्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली नगर निगम चुनाव 2022 की तारीख का ऐलान शुक्रवार शाम को हो सकता है। मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार शाम चार बजे दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग पत्रकार वार्ता करेगा, जिसमें दिल्ली एमसीडी की चुनाव तारीख का ऐलान हो सकता है। इस बीच नए परिसीमन के बाद दिल्ली नगर निगम में सभी राजनीतिक दलों के लिए गणित पूरी तरह से बदल गया है। वार्डों की संख्या 272 से 250 हो गई है, वहीं महिला और एससी के आरक्षण चलते भी सभी राजनीतिक दलों को हिसाब किताब बदल गया है। इस बार 250 वार्ड पर मतदान होगा।

दरअसल, तीनों निगमों को एक करने के बाद हुए परिसीमन में वार्डों की संख्या 272 से घटाकर 250 कर दी गई है। दिल्ली के तीनों निगमों को एक किए जाने के बाद 250 वार्ड में चुनाव प्रस्तावित हैं। इस चुनाव में भाजपा चौथी बार सरकार बनाने के लिए उतरेगी, जबकि मुख्य विपक्षी आम आदमी पार्टी की कोशिश है कि चुनाव में जीत दर्ज कर पहली बार एमसीडी में सरकार बनाई जाएगी। कांग्रेस भी अपने 16 साल के निगम की सत्ता में वनवास को खत्म करने की कोशिश में है। दिल्ली नगर निगम के एकीकरण के लिए हाल ही में राज्य चुनाव आयोग ने वार्डों के आरक्षण को तय कर दिया था।

## अबू धाबी में कैंपस स्थापित करेगा दिल्ली आईआईटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली अब अबू धाबी में अपना एक कैंपस स्थापित करेगा। बता दें कि आइआइटी दिल्ली के पूर्व डीन शिक्षाविद को आईआईटी अबू धाबी का समन्वयक बनाया गया है। संस्थान सोनीपत में अत्याधुनिक वेधशाला, हौज खास और सोनीपत में अत्याधुनिक केंद्रीय अनुसंधान सुविधा और झज्जर में हेल्थकेयर हब और पैराप्लेजिक्स केंद्र जैसी कई पहल भी शुरू करने जा रहा है। संस्थान वर्ष 2023 में कई नए पाठ्यक्रम भी लांच करने वाला है।

बता दें कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली शनिवार को अपना दीक्षांत समारोह आयोजित करेगा। इस दीक्षांत समरोह में कुछ शैक्षणिक कार्यक्रम के चलते पहली बार कुछ डिग्रियां भी दी जाएंगी। जिसमें संयुक्त पीएचडी (आईआईटी दिल्ली और राष्ट्रीय यांग मिंग चिआओ तुंग विश्वविद्यालय), विनिर्माण के लिए दूरदर्शी नेतृत्व में संयुक्त पीजी डिप्लोमा, एमएस (आर) सेंसर, इंस्ट्रुमेंटेशन और साइबरफिजिकल सिस्टम इंजीनियरिंग में संज्ञानात्मक विज्ञान में एमएससी जैसी डिग्रियां शामिल होंगी।

## ईरानी गैंग के छह बदमाश गिरफ्तार, बर्लिन से आई महिला के साथ की थी लूट

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ग्रेटर कैलाश थाना पुलिस ने ईरानी गैंग के छह बदमाशों को को गिरफ्तार किया है। आरोपित जर्मनी की राजधानी बर्लिन से ग्रेटर कैलाश इलाके में पति के साथ इलाज कराने आई विदेशी महिला से तीन हजार यूरो लूटकर फरार थे।

आरोपितों की पहचान ईरान के मोहम्मद यूनुस व मोहम्मद गुलाम बेहरामी, ग्रेटर नोएडा में रहने वाले अफगानी नागरिक फरसद मुरादी, भोगल के मधुसूदन उर्फ राजू, शकुर बस्ती के रवि यादव, मौजपुर के मोहम्मद काशिम के रूप में हुई है। आरोपितों के कब्जे से पुलिस को एक कार, एक लाख 20 हजार रियाल, 120 यूरो, एक लैपटाप, तीन मोबाइल फोन, कारों के चार फर्जी नंबर प्लेट और आधार कार्ड बनाने संबंधी उपकरण बरामद हुए हैं।

आरोपितों के खिलाफ दर्ज पांच अन्य मामले सुलझाने का दावा भी पुलिस कर रही है। दक्षिणी जिले की पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि जर्मनी के बर्लिन से आई एक महिला शिकायतकर्ता ने 12 सितंबर को ग्रेटर कैलाश थाने में लूट की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह ग्रेटर कैलाश स्थित एक अस्पताल में अपने पति के साथ इलाज कराने के लिए आई थी। शाम करीब छह बजे जब वह अस्पताल से लौट रही थीं। इसी दौरान उनके पास कारसवार चार लोग आए और खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए पासपोर्ट दिखाने को कहा।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया आरेडिका का दौरा

### काशी स्टेशन एवं मालवीय ब्रिज के अवलोकन सहित अन्य प्रगतिशील रेल कार्यों तथा परियोजनाओं से हुए अवगत

वाराणसी.ओपन सर्च





वाराणसी नगर अपनी पौराणिक एवं आध्यात्मिक महत्ता तथा भारत के उत्तर प्रांत से अन्य सुदूर प्रांतों को रेलमार्ग द्वारा जोड़े जाने के कारण भारतीय रेल नेटवर्क का भी एक अत्यंत महत्वपूर्ण शहर है। देश के भिन्न-भिन्न भूभाग से विभिन्न गाड़ियों के द्वारा असंख्य यात्रियों का यहाँ प्रतिदिन आवागमन होता है। अनेक मालगाड़ियों द्वारा देश के प्रत्येक भाग में आवश्यक सामान एवं वस्तुओं की आपूर्ति का कार्य निरंतरता से यहाँ से संचालित किया जाता है। इस नगर में रेल की इसी महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा यात्री सुविधाओं, संरक्षा, सुरक्षा, एवं रेल के आधुनिकीकरण की दिशा में अनेक प्रकार की परियोजनाओं के कार्य प्रगति पर हैं। इन समस्त विकास कार्यों से अवगत होने के लिए आज दिनांक 05.11.22 को माननीय केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का वाराणसी आगमन हुआ। वाराणसी आगमन कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय रेलमंत्री ने सर्वप्रथम काशी स्टेशन पहुंचकर स्टेशन को इंटरमॉडल स्टेशन बनाये जाने की दिशा में चल रहे सभी कार्यों को सूक्ष्मता से परखा एवं समस्त प्रगति कार्यों से अवगत होते हुए इनकी समीक्षा करते हुए इन कार्यों को निर्धारित समय पर उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न करने की बात कही। उन्होंने उत्तर रेलवे के मुख्यालय से आए हुए तथा मंडल के उपस्थित अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनसे वार्ता की तथा सभी को खुले विचारों और बहुआयामी छवि के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने स्टेशन अधीक्षक से संवाद करके रेल संचालन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इस अवसर पर काशी स्टेशन पर उपस्थित मीडियाकर्मियों के साथ प्रेसवार्ता भी की। तत्पश्चात, माननीय रेल मंत्री ने मालवीय ब्रिज पर पहुंचकर उसका निरीक्षण किया तथा संरक्षित एवं सुगम रेल परिचालन हेतु अपने आवश्यक सुझाव एवं निर्देश पारित किए। उन्होंने मालवीय ब्रिज के समानांतर निर्मित किए जाने वाले 04 लेन रेलमार्ग तथा 06 लेन सड़क मार्ग वाले नए ब्रिज के निर्माण कार्य की जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर माननीय रेल मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव के साथ श्री रवीन्द्र जायसवाल, माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन, उत्तर प्रदेश सरकार भी उपस्थित रहे। अपने इस निरीक्षण में माननीय रेलमंत्री ने संरक्षा, सुरक्षा, समयबद्धता और श्रेष्ठतम यात्री सुविधाओं के साथ रेल परिचालन करने पर विशेष बल दिया।

इस निरीक्षण के उपरांत माननीय रेल मंत्री बनारस स्टेशन से रेलगाड़ी द्वारा रायबरेली की ओर रवाना हो गए एवं विंडो ट्रेलिंग करते हुए उन्होंने रेलपथ की संरक्षा का अवलोकन किया तथा इस विषय में अपने दिशा निर्देश पारित किए। रायबरेली स्टेशन पर पहुंचकर माननीय रेलमंत्री ने वहां उपस्थित श्री दिनेश प्रताप सिंह, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात से मुलाकात की और स्टेशन पर उपस्थित मीडियाकर्मियों से पत्रकार वार्ता की। तदोपरांत मॉडर्न कोच फैक्ट्री, रायबरेली की ओर रवाना हो गए। माननीय रेल मंत्री ने रायबरेली स्थित आधुनिक रेल डिब्बा कारखाने के फैक्ट्री परिसर का दौरा किया। इस दौरान आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एस.एस. कलसी ने मंत्री महोदय को आरेडिका में विभिन्न प्रकार के कोचों के निर्माण एवं प्रौद्योगिकी के बारे में अवगत कराया। उन्होंने आरेडिका के कोचों की तकनीकी, डिज़ाइन एवं गुणवत्ता देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

कारखाने के निरीक्षण के दौरान उन्होनें आरेडिका में बन रहे वन्देभारत ट्रेनसेट्स के निर्माण अवसंरचना एवं वन्देभारत ट्रेनसेट्स के मोटर कोच का निरीक्षण किया, जिससे वन्देभारत ट्रेनसेट्स का नियमित उत्पादन प्रारंभ हो सके। आगे, इसी कड़ी में शेल असेम्बली लाइन में पूर्णतः स्वचालित मशीनों जैसे सीएनसी मशीन, लेज़र कटिंग वेल्डिंग मशीन, फाइबर लेजर कटिंग मशीन एवं व्हीलशॉप में स्वचालित व्हीलसेट मशीनों को देखा।

इसके बाद इकोनॉमी कोचों की फर्निशिंग देखी, और उन्होंने एसी इकोनॉमी क्लास के कोचों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। एसी इकोनॉमी क्लास के कोचों को नवीनतम तकनीक से निर्मित किया गया है, जिससे यात्रियों को सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के लिए अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए चौड़े प्रवेश द्वार एवं शौचालयों का निर्माण किया गया है।

## दिल्ली में 15 साल के लड़के से कुकर्म, वाहन चालकों ने पार्किंग एरिया में वारदात को दिया अंजाम

नई दिल्ली (एजेंसी)

दिल्ली के न्यू उस्मानपुर में 15 साल के लड़के से कुकर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नौकरी की तलाश में वाहन चालकों के पास मदद



मांगने गए किशोर के साथ आरोपितों ने पार्किंग एरिया में घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। सुबह होने पर पीड़ित अपने घर गया और माता-पिता को आपबीती सुनाई तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। दिल्ली के न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस ने बताया कि पीड़ित किशोर गामडी गांव का रहने वाला है। उसके पिता चाय की दुकान चलाते हैं। गरीब माता-पिता की आर्थिक तौर मदद के लिए किशोर नौकरी की तलाश में था। इसी क्रम में दो अक्टूबर की दोपहर को वह न्यू उस्मानपुर क्षेत्र में 5वें पुश्ता के पास पार्किंग क्षेत्र में पहुंचा। वहां पर उसने पार्किंग में वाहन चालकों से नौकरी मांगी। नौकरी देने के बजाय आरोपित वाहन चालक सुनील (30 वर्ष), पुत्र हरपाल निवासी बागपत और सलीम उर्फ गुड्डू, पुत्र अकबर निवासी बुलंदशहर (34 वर्ष) ने किशोर के अकेले होने का फायदा उठाया और रात में पार्किंग एरिया में ही उसके साथ कुकर्म किया। अगली सुबह पीड़ित किसी तरह अपने घर पहुंचा और मां-बाप को आपबीती बताई। इसके बाद पीड़ित किशोर के घरवाले पार्किंग एरिया पहुंचे आरोपितों की पहचान कर उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि करीब साढ़े दस बजे पीसीआर कॉल से उन्हें सूचना प्राप्त हुई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित लड़के के पिता के बयान पर मामला दर्ज किया गया है।

## दिल्ली में जरूरी सेवाओं के अलावा अन्य ट्रकों की एंट्री पर रोक, सीएनजी-इलेक्ट्रिक ट्रकों को छूट : गोपाल राय

ओपन सर्च. संवाददाता



**हॉट-स्पॉट के लिए बनेगी स्पेशल टास्क फोर्स, औद्योगिक प्रदूषण की मानिटरिंग के लिए 33 टीमों का गठन : गोपाल राय**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में जरूरी सेवाओं के अलावा अन्य ट्रकों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। सिर्फ सीएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों को अनुमति मिलेगी। इसके लिए दिल्ली सरकार ने 6 सदस्यीय मानिटरिंग कमेटी का गठन किया है।

अब दिल्ली सरकार के कार्यालय 50 प्रतिशत क्षमता से खुलेंगे।? इसके अलावा 50 प्रतिशत कर्मचारी वर्क फ्राम होम करेंगे और 500 नई पर्यावरण बसे चलेंगी। हॉट-स्पॉट के लिए स्पेशल टास्क फोर्स बनेगी। औद्योगिक प्रदूषण की मानिटरिंग के लिए 33 टीमों का गठन किया गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सचिवालय में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

उन्होंने बताया कि दिल्ली में प्रदूषण की सीवियर स्थिति को देखते हुए सीक्यूएएम ने ग्रैप के चौथे चरण को लागू करने का निर्देश दिया था। इसी के मद्देनजर आज से दिल्ली में जो प्रतिबंद्ध लगे हुए हैं, उसको और भी कड़ा किया जा रहा है। निर्माण एवं विध्वसं कार्य पर पहले से ही प्रतिबंध लगा हुआ है लेकिन अभी तक कुछ कैटेगरी के निर्माण एवं विध्वंस की गतिविधियों को छूट दी गई थी।

उनमें से हाइवे, फलाईओवर एवं सड़कें, दिल्ली जल बोर्ड के पाइप लाइन तथा पावर ट्रांसमिशन के कार्य पर अब बैन लगाया जा रहा है। परिवहन विभाग, एमसीडी, कंस्ट्रक्शन एजेंसियों, जीएडी, राजस्व, डीपीसीस तथा पर्यावरण विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। ग्रेप के नये प्रतिबंधों को दिल्ली में लागू करते हुए, आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों के अलावा अन्य डीजल वाहन दिल्ली में प्रतिबंधित होंगे।

केवल सीएनजी, पेट्रोल एवं इलेक्ट्रिक वाहनों को ही दिल्ली में प्रवेश दिया जाएगा। दिल्ली में पंजिकृत डीजल के मध्यम और भारी वाहनों पर भी प्रतिबंध रहेगा, जो आवश्यक सेवाओं से जुड़े नहीं है। डीजल इंजन के छोटे वाहन जो की बीएस 6 से नीचे हैं वे भी प्रतिबंधित रहेंगे। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि इन प्रतिबंधों के मॉनिटरिंग के लिए स्पेशल कमिश्नर ट्रांसपोर्ट के नेतृत्व में 6 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है।

इस कमेटी में 2 सदस्य परिवहन विभाग, दो दिल्ली ट्रैफिक पुलिस तथा दो डीपीसीसी के होंगे। यह कमेटी सुनिश्चित करेगी कि इन प्रतिबंधों का कड़ाई से पालन हो सके। इसके साथ साथ हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश के मख्यमंत्री को पत्र लिख कर यह अनुरोध कर रहे हैं कि वे आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन नहीं हैं, उन्हें दिल्ली के बार्डर तक न आने दें। उन्हें पहले ही ईस्टर्न और वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर डाईवर्ट करने की व्यवस्था करें। ऐसा न होने पर दिल्ली के बार्डर से उन्हें वापस भेजना बहुत ही कठिन हो जाता है। इसके अलावा भयंकर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

## 80 किलोमीटर दूर परिषदीय छात्रों का बनाया परीक्षा केंद्र

### केंद्रों के दूर होने के कारण छात्रों की परीक्षा छूटने का डर अभिभावकों को सताने लगा है

ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)



जिले में 13 नवंबर को होने वाली राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए नोएडा में तीन केंद्र बनाए गए है, जिसमें चारों ब्लाक के परिषदीय स्कूल के कक्षा आठ के 1148 छात्र परीक्षा देंगे। केंद्रों के दूर होने के कारण छात्रों की परीक्षा छूटने का डर अभिभावकों को सताने लगा है। अभिभावक रमेश ने बताया कि जेवर ब्लाक से परीक्षा केंद्र की दूरी लगभग 80 किलोमीटर है। बच्चे को परीक्षा दिलाने के लिए नोएडा सुबह 10 बजे कैसे पहुंचा जाएगा। जेवर से परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में लगभग तीन घंटे लगेंगे। इसी तरह दादरी और दनकौर ब्लाक के छात्रों के लिए भी परीक्षा केंद्र तक पहुंचना आसान नहीं होगा। परिषदीय स्कूलों में अधिकतर कामगारों के बच्चे पढ़ते है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी इन केंद्रों पर परीक्षा कराने की अनुमति प्रदान कर दी। बता दे राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति की परीक्षा तीनों केंद्रों पर 13 नवंबर को सुबह 10 से एक बजे तक होगी। वहीं दिव्यांग छात्रों को एक घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। परीक्षा के प्रवेश पत्र रविवार से छात्र डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा की तैयारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से लंबे समय से कराई जा रही है। पहली बार जिले के 1148 छात्रों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है।

भारत सरकार की तरफ से इस परीक्षा को पास करने वाले छात्रों को नौवीं से 12वीं तक प्रत्येक महीने एक हजार रूपये छात्रवृत्ति के रूप में दिए जाते हैं। जिले में 94 छात्रों का इस परीक्षा में चयन होगा,लेकिन परीक्षा

**केंद्रों के दूर होने के कारण छात्रों की परीक्षा छूटने का डर अभिभावकों को सताने लगा है। अभिभावक रमेश ने बताया कि जेवर ब्लाक से परीक्षा केंद्र की दूरी लगभग 80 किलोमीटर है। बच्चे को परीक्षा दिलाने के लिए नोएडा सुबह 10 बजे कैसे पहुंचा जाएगा।**

केंद्रों की 50 से 80 किलोमीटर की दूरी के कारण कई छात्र परीक्षा देने से पहले ही वंचित हो जाएंगे। राजकीय इंटर कालेज सेक्टर 12 की प्रधानाचार्या व परीक्षा की नोडल डाक्टर सुलेखा रानी ने बताया कि तीन केंद्रों पर 13 नवंबर को होने वाली परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए प्रशिक्षण भी छात्रों को दिया जा चुका है। परीक्षा केंद्र पर छात्रों को संबंधित स्कूलों के शिक्षक लेकर आयेंगे। प्रशिक्षण में सभी छात्रों को परीक्षा से संबंधित सभी जानकारी दे दी गई हैं।

## ठग सुकेश चंद्रशेखर के लेटर बम का असर, हटाए गए जेल महानिदेशक संदीप गोयल, नए डीजी बने संजय बेनीवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)

पूर्वी दिल्ली स्थित मंडोली जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर के लिखे खत का असर शुक्रवार को दिखाई दिया। बताया जा रहा है कि प्रोटेक्शन मनी जैसे गंभीर आरोपों के चलते तिहाड़ जेल के महानिदेशक संदीप गोयल का ट्रांसफर कर दिया गया है। विशेष पुलिस आयुक्त संजय बेनीवाल को तिहाड़ जेल का नया डीजी बनाया गया है।

बताया जा रहा है कि दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सतेंद्र जैन को सुविधा देने के आरोप में तिहाड़ जेल के डीजी संदीप गोयल को हटाया गया है। संजय बेनीवाल को उनके स्थान पर नियुक्त कर संदीप गोयल को दिल्ली पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। यहां पर बता दें कि पिछले दिनों मंडोली जेल में बंद मनी लांड्रिंग के आरोपित सुकेश चंद्रशेखर ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का खत लिख कर आरोप लगाया था कि प्रोटेक्शन मनी के तौर पर दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन को 10 करोड़ रुपये दिए हैं। उसके बाद उपराज्यपाल ने मामले को गंभीरता से लिया और इसकी जांच कराने का निर्णय लिया है। सुकेश चंद्रशेखर की तरफ से उसके वकील ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र सौंपा है।

इस पत्र में सुकेश ने कहा कि उसे कई बार जान से मारने की धमकियां दी गई। सुकेश खत में यह भी दावा किया है कि तिहाड़ जेल में उसने प्रोटेक्शन मनी दी है। बता दें कि मनी लान्ड्रिंग से जुड़े एक मामले में सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल में बंद हैं। सत्येंद्र जैन पर सुकेश चंद्रशेखर का आरोप है कि डीजी जेल से उसे यह धमकी दिलवाई गई थी।

# कंसोर्टियम फॉर ग्लोबल एजुकेशन के प्रतिनिधियों ने की मनीष सिसोदिया से मुलाकात

ओपन सर्च. संवाददाता




**नई दिल्ली।** अरविन्द केजरीवाल सरकार के दिल्ली के शिक्षा मॉडल को पूरे विश्व में लोकप्रियता मिल रही है। सरकार इसे और बेहतर बनाने कि दिशा में लगातार काम कर रही है तथा देश-दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में शानदार काम कर रहे संस्थाओं से संपर्क में है। इसी क्रम में गुरुवार को अमेरिका की एक संस्था कंसोर्टियम फॉर ग्लोबल एजुकेशन के प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान हायर-एजुकेशन, टीचर एजुकेशन, स्पोर्ट्स एजुकेशन व टेक्नीकल एजुकेशन सहित बहुत से मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली शिक्षा क्रांति के अगले चरण में हम अपने शिक्षा मॉडल को वैश्विक स्तर पर ले जा रहे है। क्योंकि तेजी से बदलती टेक्नोलॉजी की दुनिया में हमें अपने स्टूडेंट्स को वैश्विक दुनिया के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इस क्रम में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र में शानदार काम कर रहे देशों के साथ नॉलेज-पार्टनरशिप कर रही है और हम एक-दूसरे के मॉडल से सीखने का काम कर रहे है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि अमेरिकी विश्वविद्यालयों के कंसोर्टियम ने दिल्ली के शिक्षा मॉडल में रूचि दिखाई है। भविष्य में हम साथ मिलकर काम करेंगे ताकि दोनों देश एक दूसरे कि शिक्षा प्रणाली से सीख सके और ज्ञान के साथ-साथ टेक्नोलॉजी का आदान-प्रदान भी कर सकें। श्री सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी कि शुरुआत की है।

इसका उद्देश्य दिल्ली और पूरे देश के लिए वर्ल्ड-क्लास टीचर्स तैयार करना है। अपनी यूनिवर्सिटी के लिए हम विश्वभर के टीचर ट्रेनिंग मॉडल की स्टडी कर रहे है। साथ ही अपने स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के माध्यम से हम खिलाडियों को वर्ल्ड-क्लास ट्रेनिंग देने के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों के साथ पार्टनरशिप करने का काम कर रहे है, ताकि हमारे खिलाडियों को शानदार ट्रेनिंग के साथ-साथ आधुनिक स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी भी मिल सकें। आने वाले समय में हम इस कंसोर्टियम के साथ कई मुद्दों पर और डिस्कशन करेंगे तथा साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी का काम करेंगे। बता दे कि यह कंसोर्टियम अमेरिका के 43 यूनिवर्सिटीज का एक संगठन है जो दुनियाभर के 60 से अधिक देशों में विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ नॉलेज पार्टनरशिप कर ट्रेनिंग, टेक्नोलॉजी साझा करने, विभिन्न एक्सचेंज प्रोग्राम आदि के माध्यम से दोनो देशों के विश्वविद्यालयों में एजुकेशन सिस्टम के क्वालिटी इम्प्रूवमेंट का काम करते है।

**मल्टीपर्पस ट्रेडिंग एंड एजेंसीज लिमिटेड**
(CIN NUMBER- L70101DL2002PLC115544)
पंजी. कार्या: बी-1, कालंदी कॉलोनी, नई दिल्ली-110065
फोन/फैक्स: 011-26316162, 011-26919899
वेबसाइट: www.multipurposetrading.in
ई-मेल: info@multipurposetrading.in

**बोर्ड मीटिंग की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 47 के अनुपालन में मल्टीपर्पस ट्रेडिंग एंड एजेंसीज लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक **सोमवार, 14 नवम्बर, 2022 को प्रातः 11:30 बजे** कार्पोरेट ऑफिस डी-2, कालंदी कॉलोनी, नई दिल्ली-110065 में होगी जिसमें 30 जून, 2022 को समाप्त कम्पनी की तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम एवं बोर्ड की सहमति से अन्य मामले यदि कोई हो, को स्वीकृत किए जाएगा।

इस संबंध में जानकारी कम्पनी की वेबसाइट http://multipurposetrading.in और स्टॉक एक्सचेंज www.bseindia.com पर भी उपलब्ध कराई जा रही है

कृते मल्टीपर्पस ट्रेडिंग एंड एजेंसीज लिमिटेड
हस्ता/-
आशीष सिंह
प्रबंध निदेशक
DIN: 00066423

दिनांक: 05/11/2022
स्थान: दिल्ली

# Minister of Railways, Ashwini Vaishnaw visited Modern Coach Factory, Raebareli

*Hon'ble Minister or Railways, Government of India, Ashwini Vaishnaw arrives in Varanasi*

*Inspects and reviews progress of railway works and projects including up-gradation of Kashi Station and Malviya Bridge*

**VARANASI.OPEN SERCH**



Varanasi is a very important city for Indian Railways. Apart from the city's mythological and spiritual significance, Varanasi is a key railway hub that connects remote provinces making it a vital transit point for hundreds of passenger and freight trains from different parts of the country. Keeping this significance in view, various projects are being executed by Northern Railway, Lucknow Division for improving passenger facilities, safety, security and modernization of railways.

Hon'ble Minister of Railways, Government of India, Shri Ashwini Vaishnaw, Union Minister for Railways, Communications & Electronics and Information Technology arrived in Varanasi today to review progress of on-going development projects. The Hon'ble Minister of Railways first went to Kashi Station and examined upgradation work for making Kashi an intermodal station.

The Hon'ble Minister of Railways acquainted himself and interacted with Officers of Headquarters of Northern Railway present on location. "This work should reflect our commitment to quality and be finished within stipulated timeline," he said. Shri Vaishnaw inspired everyone to do their best and work with open minds as dynamic, multi-dimensional individuals. He discussed operations with the Station Superintendent and also held a press conference with media persons present at Kashi station for the occasion.

Thereafter, the Hon'ble Minister of Railways reached the Malviya Bridge for inspection whereupon he gave necessary suggestions and instructions. He familiarized himself about a new 04-lane railway and 06-lane road bridge to be constructed parallel to Malviya Bridge. Also present on the occasion was Shri Ravindra Jaiswal, Hon'ble Minister of State (Independent Charge), Stamp & Court Fee and Registration, Government of Uttar Pradesh. During this inspection, the Hon'ble Minister of Railways laid special emphasis on safety, security, punctuality of train operations along with best passenger services and amenities. After inspecting Malviya Bridge, the Hon'ble Minister of Railways travelled by train from Varanasi Station towards Rae Bareli. He reviewed track safety during window trailing and suggested guidelines in this regard. On reaching Rae Bareli Station, Hon'ble Minister of Railways met Shri Dinesh Pratap Singh, Hon'ble Minister of State ( Independent charge), Horticulture, Agricultural Marketing, Agricultural Foreign Trade and Agricultural Exports, Govt. of Uttar Pradesh at Raibareli Railway station and discussed the issues of development in this area and held a press conference with media persons present at the station before leaving for Modern Coach Factory, Raebareli. Hon'ble Minister of Railways visited the factory premises of Modern Rail Coach Factory, Raebareli. During this visit the General Manager of Modern Coach Factory, Raebareli Shri S.S. Kalsi apprised the Minister about the manufacturing and technology of different types of coaches in Modern Coach Factory. He expressed his happiness to see the technical, design and quality of coaches made in Modern Coach Factory.

During the inspection of the factory, he inspected the manufacturing infrastructure of Vande Bharat trainsets and motor coaches of Vande Bharat trainsets being made in Modern Coach Factory, Raebareli, so that regular production of Vande Bharat trainsets could be started. Further, in this visit, fully automatic machines such as CNC machines, Laser cutting welding machines, Fiber Laser cutting machines and automatic wheelset machines in the wheelshop were seen in the Shell assembly line.

Thereafter, he saw the furnishing of economy coaches, and he flagged off the coaches of AC economy class.

## Briefs News

### Amid row over Delhi minister's special treatment, top prison official shifted

**NEW DELHI: OPEN SEARCH**

Amid a row over jailed Aam Aadmi Party leader Satyendar Jain getting 'special treatment' while in Delhi's Tihar Jail, Director-General of Prisons Sandeep Goel has been replaced by Sanjay Beniwal, an IPS officer of the 1989 batch. A notification issued by Lieutenant Governor VK Saxena has instructed Goel to 'report to PHQ (Police Headquarters) for further orders'. On Thursday the union home ministry sought a report from the Delhi chief secretary on allegations by the Enforcement Directorate that jail officials are colluding with Jain, who was arrested over a money laundering case. The agency submitted CCTV footage of Jain purportedly receiving a body massage from an unidentified person inside his cell. The ED further said the AAP leader is being provided with fruits and salads in his cell and that it was being cleaned by unknown persons under the supervision of co-accused Ankush Jain.

Tihar Jail is run by the Department of Delhi Prisons, Government of Delhi. Meanwhile, conman Sukesh Chandrashekhar who is in jail in connection with a money laundering case of over ?200 crore in which Bollywood actor Jacqueline Fernandez has also been linked wrote to Delhi Lt Governor alleging that in 2019 he had paid ?10 crore to Satyendar Jain to ensure safety in prison. The letter alleged that more than ?50 crore was given to the AAP on a promise of giving Chandrashekhar an important post in the party in South Zone, and also help him in getting nominated to the Rajya Sabha. The letter alleged that more than ?50 crore was given to the AAP on a promise of giving Chandrashekhar an important post in the party in South Zone, and also help him in getting nominated to the Rajya Sabha. Jain, who held the portfolio of the Jail ministry, asked him if he had disclosed anything to the probe agency related to his contribution to the AAP, he alleged.

### Ghaziabad civic polls: 57 of 100 wards declared as reserved seats

**GHAZIABAD : (AGENCY)**

Ahead of the municipal elections that are likely to take place in Ghaziabad by the end of the year, the Ghaziabad municipal corporation has 57 of its 100 wards as reserved seats for various categories, officials said Thursday. While 14 wards were reserved for the candidates from the Scheduled Caste (SC), 21 have been reserved for candidates from other backward classes (OBC), officials said.

The final list has been sent to the office of the district magistrate from where it will be sent to the state administration for approval. "The list of reserved wards has been finalised and 14 wards have been reserved for SC category, 21 for OBC category and 22 for women candidates. On the seats reserved for women, SC and OBC category women can also contest. So, the overall reserved wards stand at 57 while the rest are for general category candidates," said Nitin Gaur, Ghaziabad municipal commissioner.

He said the reservation has been decided on the basis of demography. "The list has been finalised on the basis of 2011 Census," Gaur added.

A government order seeking the proposals for reservation of wards in local bodies was issued to different local bodies across the state on October 21 this year.


The order said (while mentioning a previous order of November 24, 2011) that seats which are reserved for SCs, OBCs and women in the previous elections will not be respectively allotted to the same categories the coming elections as well, said officials. The Ghaziabad district has nine local bodies -- Ghaziabad municipal corporation, nagar palikas of Modinagar, Muradnagar, Loni and Khoda-Makanpur, and nagar panchayats of Dasna, Fareed Nagar, Palta and Niwari.

According to the voters' list, as of now, the nine local bodies have 2,346,365 voters and 1,456,110 voters comer under the jurisdiction of the Ghaziabad municipal corporation.

## Delhi municipal elections on December 4, counting on December 7: Poll panel

**NEW DELHI: OPEN SEARCH**

The Municipal Corporation of Delhi (MCD) elections will be held December on 4, while the counting of votes will be done on December 7, announced state election commissioner for Delhi Vijay Dev on Friday. The Model Code of Conduct comes into force in the national capital from Friday



itself, he said. "Voting for the municipal polls in Delhi will be held on December 4 while the results will be announced on December 7. The filing of nominations will begin from November 7 and the last date for the same is November 14," Dev said at a press conference. The focus shifted to the commission and the preparations for holding municipal elections after the completion of the delimitation. The polls were abruptly postponed in March this year when the Centre announced the civic bodies will be merged. A unified MCD came into being in May. The elections were originally scheduled to be held in April 2022. On March 9, the commission called a press conference to announce the schedule before announcing the Centre has sent a note on unifying the three civic bodies. Parliament passed a law to unify the three municipal corporations, which also mandated a reduction in the number of wards from 272 wards to 250 wards, prompting the delimitation exercise. The exercise was completed on October 17. The commission has appointed election officers and fixed the expenditure limit over the last week as part of preparations for the elections.

## Delhi Government deeply committed to the promotion of sports in Delhi

*Providing world class sports facilities to sports players - Dy CM Manish Sisodia*

**Kejriwal Government develops world class hockey astro-turf at Vivekananda College to promote hockey in Delhi**

**NEW DELHI: OPEN SEARCH**

The Delhi Government led by CM Shri Arvind Kejriwal has constructed a world-class astro-turf hockey field at Vivekananda College, Vivek Vihar, as part of its vision to develop world-class sports infrastructure for the youth of Delhi. On Friday, Deputy Chief Minister Shri Manish Sisodia and Delhi Assembly Speaker Shri Ram Niwas Goel inaugurated the new Astro-Turf. On this occasion, the Deputy Chief Minister said that the Delhi government has built 4 world-class Astro-turf hockey fields to promote hockey, and the new hockey field inaugurated today shall also contribute to the cause of popularising hockey amongst our youth. He said



that the Delhi Government is deeply committed to the cause of promoting sports in Delhi and is providing world class facilities to our players, so that they can bring glory to our nation by competing at international tournaments.

Shri Manish Sisodia said, "the Delhi government, under the leadership of Chief Minister Arvind Kejriwal, has worked relentlessly to provide the finest sports facilities to the youth of Delhi. Furthering this vision, a world class Astro-turf hockey field was constructed in Vivekananda College so that our players can utilise such sports facilities and win laurels on behalf of Delhi and India." He said that along with the students of the college, other players from nearby areas would also get a chance to hone their talent by practising here. Also, players will be able to practise here during the day as well as at night, by virtue of the presence of high mast flood lights around the Astroturf.

The Deputy Chief Minister said that the players who want to progress as professional players in hockey often find it difficult to find quality grounds to play and practice in. "We have worked extensively to overcome this problem. In the last 7 years, the Delhi government has expanded the sports infrastructure all over Delhi and raised them to world-class standards so that our budding players can bring laurels to the country by competing at the global level. As part of this initiative, we have also constructed 5 wonderful astro-turf hockey grounds in Delhi."

## Governor Shri Koshyari, Union Minister Piyush Goyal, CM Shinde will inaugurate

*Representatives of Consortium for Global Education from the USA meet Dy CM Manish Sisodia*

**Dy CM Manish Sisodia holds in-depth discussions on new avenues for collaboration under teacher education, sports education and technical education in the meeting**

**Under the leadership of CM Arvind Kejriwal, Delhi Government is working with countries with globally renowned educational models for us to learn from each other through knowledge-sharing partnerships - Dy CM Manish Sisodia**

**NEW DELHI: OPEN SEARCH**



Delhi's education model under the CM Shri Arvind Kejriwal-led Government is being recognised & lauded across the world. The government is constantly working to raise Delhi's education system to greater heights of excellence, and is in touch with institutions that are renowned in the field of education across the country & the world, to make this happen. Taking this further, representatives of the Consortium for Global Education, a US-based consortium of universities, met with Deputy Chief Minister Shri Manish Sisodia. During the meeting, many avenues for collaboration under higher-education, teacher education, sports education and technical education were discussed.

Shri Manish Sisodia said, "the next phase of the Delhi Education Revolution will see Delhi's education system be raised to global standards. In the rapidly changing world and the current age of technological development, we have to prepare our students to face challenges as global citizens. In light of this, under the leadership of Chief Minister Shri Arvind Kejriwal, the Delhi Government is participating in several knowledge-partnerships with countries that are recognised for their education systems and we are working to learn from each other's models." The Deputy Chief Minister said "It is a matter of immense happiness and pride that the Consortium of American Universities has recognised the merits of the education model of Delhi. We will work together over the course of the future so that both countries can learn from each other's education systems, to exchange knowledge as well as technology."

Shri Manish Sisodia said that the Delhi Government started the Delhi Teachers University with the objective of producing world-class teachers for Delhi and the entire nation. "We are studying teacher training models from around the world for our university. Along with this, through our Sports University, we are working in partnership with the best institutes in the world to provide world-class facilities to our sportspersons, so that our players can get the finest sports training possible as well as advanced sports technology. In the future, we will engage with the Consortium to a much greater depth on these objectives and work together for the betterment of education," he said. The Consortium for Global Education is an organisation of 43 member universities in the US, which is

## Ban on entry of trucks other than essential services in Delhi

*Exemption for CNG-electric trucks- Gopal Rai*

**Delhi Government constitutes a 6-member monitoring committee to oversee movement of trucks- Gopal Rai**

**NEW DELHI: OPEN SEARCH**

The Delhi Government has banned the entry of trucks other than essential services in the national capital under GRAP. Environment Minister Shri Gopal Rai informed, "Only CNG and electric trucks will be allowed to enter Delhi other than those serving essential services. The Delhi Government has constituted a 6-member monitoring committee to oversee the same. Delhi government's offices will run at 50 percent capacity while 50 percent employees will work from home and 500 new eco-buses will be run in the state. A special task force will be formed for the hotspots. 33 teams have also been formed to monitor industrial pollution."

Environment Minister Shri Gopal Rai addressed an important press conference at Delhi Secretariat today. He said, "in view of the severe situation of pollution in Delhi, CAQM had directed us to implement the fourth phase of GRAP. In view of this, the restrictions imposed in Delhi from today are being tightened even more.

SThere is already a ban on construction and demolition work, but till now some categories of construction and demolition activities were exempted. Among them, the work of highways, flyovers and roads, pipelines and power transmission is also being banned. The decision was taken after a meeting with the officials of Transport Department, MCD, Construction Agencies, GAD, Revenue, DPCC and Environment Department and other concerned departments. With the implementation of the new restrictions of GRAP in Delhi vehicles other than those used for essential services will be banned in Delhi. Only CNG, Petrol and Electric vehicles will be allowed to enter Delhi. There will also be a ban on medium and heavy vehicles of diesel registered in Delhi, which are not connected to essential services.

**MULTIPURPOSE TRADING AND AGENCIES LIMITED**
(CIN NUMBER- L70101DL2002PLC115544)
Regd. Office: B-1, Kalindi Colony, New Delhi-110065
Phone/ Fax: 011-26316162, 011-26919899
Website: www.multipurposetrading.in
E-mail: info@multipurposetrading.in

**Notice of board meeting**

Notice is hereby given pursuant to provision of the Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 that the meeting of the Board of Directors of the Multipurpose Trading and Agencies Limited will be held on Monday, the 14th Day of November, 2022 at 11:30 a.m. at the Corporate office of the Company D-2, Kalindi Colony, New Delhi-110065 Inter-alia, to consider Un-Audited Financial Results of the Company for the Quarter/half year ended September 30, 2022.

Information in this regards is being also made available on the website of the Company www.multipurposetrading.in and Stock Exchange www.bseindia.com

For Multipurpose Trading and Agencies Limited
Sd/-
Ashish Singh
Managing Director
DIN:00066423

Date: 05/11/2022
Place: Delhi